

# स्थिति को शक्तिशाली बनाने के लिए इतना करें...!

## मुरलियों से पावरफुल बातें लिखकर खुद को पावरफुल बनायें...

सेवाओं का बल भी स्थिति में बल भरता है। कुछ धारणाओं का बल भी हमारे योग के बल को नष्ट होने से बचाता है। धारणाओं का बल, जैसे 'मैं और मेरा', इसका त्याग। अगर ये दोनों अवगुण हैं तो जैसे हमारी शक्तियों के लिए हमारे अंदर लीकेज है। वो बहकर नष्ट होती रहेंगी। साथ में ज्ञान का बल, ये बात बहुत ही उपयोगी है। कइयों ने इसे यथार्थ समझा है और कर भी रहे हैं। मैंने तो इस बात को जीवन भर किया है इसलिए आपको कहता हूँ... ज्ञान की मुरलियाँ रोज़ सुन-सुन कर उनमें से कुछ सुंदर बातें अलग से अपने पास नोट करें। पच्चीस सुंदर बातें लिखेंगे। दो पेज पर नहीं पच्चीस बातें, पच्चीस पेज पर लिखें। और वो भी मोटे-मोटे अक्षरों में। कुछ दिन तक रोज़ उन्हें पढ़ते जायें। स्थिति में बल भरता जायेगा। स्थिति अचल-अडोल होने लगेगी।

मान लो ड्रामा का खेल चल रहा है और आपने बाबा की ये बात लिख ली है अपनी डायरी में कि 'ड्रामा बिल्कुल एक्यूरेट चल रहा है, ये बिल्कुल कल्याणकारी है, सभी अपना-अपना पार्ट बजा रहे हैं, यहाँ किसी का कोई दोष नहीं है' और आपने पढ़ लिया, तो हिलती हुई स्थिति अचल हो जायेगी। तो ऐसी कम से कम सोलह पावरफुल बातें सभी को लिखनी हैं। लिखनी खुद है, मुरलियों से ढूंढकर। रोज़ की मुरलियों से। भले एक मास में लिखो, तीन मास में लिखो, वो बातें जो नशा चढ़ा दें, वो बातें जो स्थिति को श्रेष्ठ बना दें, वो बातें जो चित्त को शांत कर दें, जो भय को निकाल दें, चिंताओं को एकदम विराम लगा दें, ऐसी बातें सभी को लिखनी हैं। इनके बल से योग बल बढ़ेगा और स्थिति बहुत सुंदर हो जायेगी।

## घर में बाबा का आह्वान करें...

ऐसा बहुत से भाई-बहनों ने अपने-अपने घरों में किया है। तो आप भी बापदादा का पाँच बार आह्वान किया करें। जो कर रहे हैं उनके घरों में बाबा के वायब्रेशन्स फैलते रहते हैं। अनेक बातें खत्म हो जाती हैं। सबको पता है, भगवान के वायब्रेशन्स जहाँ फैल जायें वहाँ कोई निगेटिविटी, वहाँ कोई भटकती आत्मा, कोई चिंताएं और परेशानियाँ ज़्यादा समय नहीं ठहरेंगी। इसलिए बाबा का आह्वान किया करेंगे। अब हम इस तरह बाबा का आह्वान करेंगे...। ले चलें बुद्धि को परमधाम...। बहुत एकाग्रता के साथ भगवान से मिलन का सुखद अनुभव। देखें परमधाम में सबसे ऊपर चमक रहे हैं ज्ञान सूर्य... जो हमारे खुदा दोस्त हैं। मन के सच्चे मीत... जिन्होंने आकर हमारी जन्म-जन्म की थकान मिटा दी है। जिन्होंने प्यार भरी दृष्टि देकर हमारे कष्ट हर लिये। जिसे हम युगों से ढूंढते थे, ये वही हैं... निराकार महाज्योति। चमक रहे हैं परमधाम में। बहुत प्यार से निमंत्रण दें... हे सर्वशक्तिवान... प्यार के सागर... अपना धाम छोड़कर हमारे पास आ जाओ। हमारे आह्वान पर बापदादा दोनों आ गये हमारे सम्मुख... बिल्कुल अपने सामने देखें... उनकी तेजस्वी किरणें चारों ओर फैल रही हैं... दृष्टि दे रहे हैं... बोले बच्चे, मेरे से जो चाहे ले लो... अधिकार से मांग लें जो चाहिए... परम सद्गुरू प्रसन्न हैं...। सिर पर हाथ रखकर, तथास्तु कहकर वापिस गये अपने धाम। ये बहुत सुंदर अभ्यास सभी को रोज़ अपने घरों में पाँच-पाँच बार अवश्य करना है। आप उनसे जुड़े रहेंगे और घर में आह्वान की आदत पड़ जायेगी। कोई भी ऐसी-वैसी बात अचानक हो जाये, आह्वान की आदत उसके मदद का पात्र बना देगी।

मुझे एक छोटा-सा अनुभव याद आ गया। कितनी मदद होती है बाबा की! हमलोग एक बार गये चाइना बॉर्डर की तरफ। बर्फ गिर गई। बर्फ गिर गई तो गाड़ी स्लिप होने लगी। ड्राइवर तो घबरा गया। जैसे ही स्लिप हो, और वो ब्रेक लगाये, गाड़ी अनकंट्रोल्ड घूमने लगे। एक जगह ऐसा आ गया, ब्रेक लगा दिया और गाड़ी गड्ढे में गिरने लगी लेफ्ट साइड में। और हम जो पाँच-सात उस बड़ी गाड़ी में बैठे थे, सबके मुख से एक साथ निकला बाबा... बाबा...। और आप हैरान होंगे, गाड़ी का लेफ्ट पहिया वहीं एक गड्ढा हुआ और उसमें धंस गया। गाड़ी रुक गई। एक सेकंड के अंतर से सब नीचे होते, मृत्यु निश्चित थी। लेकिन सबको एक साथ, मैं सोच रहा था कि देखो कितना सुंदर अवसर था, सबको एक साथ संकल्प आया बाबा...। ये भी नहीं कहा, बाबा आ जाओ। उतना भी मौका नहीं था। बाबा...। और सुनवाई हो गई। तो हमें ऐसी आदत पड़ जाये। अचानक कुछ हो जाये या होने लगे, क्योंकि जब प्राकृतिक प्रकोप शुरु हो जायेंगे तो सारा खेल अचानक चलेगा। पता ही नहीं अगले मिनट क्या हो जाये! ऐसे में अगर बाबा का आह्वान होगा, बाबा की पावरफुल स्मृति हो जायेगी तो अनेक वंडरफुल अनुभव होंगे। ये भी अपने पर विजय होगी।



भुज-कच्छ(गुज.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कच्छ के व्हाइट डेज़र्ट में आयोजित महिला संत सम्मेलन में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति जी को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. रक्षा बहन व ब्र.कु. सुशीला बहन। साथ हैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री डॉ. भारती पवार तथा अन्य।



भिवंडी-कल्याण(महा.)। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल पाटिल को जन्म दिन की बधाई, ईश्वरीय सौगात व प्रसाद देते हुए ब्र.कु. गौतमी बहन तथा ब्र.कु. सुनीता बहन।



इंदौर-कालानी नगर(म.प्र.)। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सर्व धर्म सम्मेलन' में दीप प्रज्वलित करते हुए हिंदू धर्म से अविनाशी अखंड धाम से आये परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री 1008 डॉ. चेतन स्वरूप स्वामी जी, मुस्लिम धर्म से खजराना मस्जिद से आये मौलाना साहेब, गयासुद्दीन जॉय टेस्टी जी, सिख धर्म से गुरुद्वारा इमली साहिब से आये ज्ञानी बलबीर सिंह जी, ईसाई धर्म से न्यू एपोस्टोलिक चर्च से आये हरिसन करौली जी, ब्र.कु. जयंती दीदी, पूर्व राज्यमंत्री योगेन्द्र महंत, ब्र.कु. सुजाता बहन तथा अन्य।



खरगोन-म.प्र.। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव ध्वज फहराने के पश्चात् ईश्वरीय स्मृति में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. किरण बहन, ब्र.कु. अशोक तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



महासमुंद-छ.ग.। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सफाई कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रीति बहन। इस मौके पर आशीष तिवारी,सीएमओ,नगरपालिका महासमुंद तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



जबलपुर-नेपियर टाउन(म.प्र.)। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल डीएसपी सारिका पाण्डेय को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. भावना बहन।



भिलाई-छ.ग.। हरिभूमि समाचार पत्र एवं बोल बम सेवा समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समूह चित्र में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री अनिला भेड़िया, भिलाई सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु. आशा दीदी तथा अन्य गणमान्य महिलायें।



नखत्राणा-कच्छ(गुज.)। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव ध्वज फहराने के पश्चात् प्रतिज्ञा कराते हुए ब्र.कु. रक्षा बहन। साथ हैं विधायक प्रद्युमन सिंह जाडेजा तथा ब्र.कु. किरण बहन।



इंदौर-कालानी नगर(म.प्र.)। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव ध्वज के नीचे प्रतिज्ञा करते हुए नायक समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय पंवार, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद प्रतिनिधि नितिन मालू, नगर निगम इंजीनियर आशुतोष शर्मा, खंड पंचायत अधिकारी कौशल नन्द, रियल एस्टेट कारोबारी जगदीश सत्रवाला, वार्ड क्रमांक 3 के जन अभियान अध्यक्ष हरीश सोनी, मंडी इंस्पेक्टर रमेश शारदीया, ब्र.कु. जयंती दीदी, ब्र.कु. सुजाता दीदी तथा अन्य।



अम्बिकापुर-चोपड़ापारा(छ.ग.)। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत संभागीय स्तर पर आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व पार्षद,अग्रसेन गौ सेवा सदन के अध्यक्ष कर्ताराम गुप्ता, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता वी.के. सिंह, अम्बिकापुर जेल अधीक्षक राजेन्द्र गायकवाड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी ई.एन.टी. विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विद्या दीदी, सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षिका वंदना बहन, डॉ. लता गोयल, पार्वती शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर सिलफिली संस्थापक एवं प्रबंधक अशोक नाथ तिवारी, राकेश तिवारी तथा शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



राजकोट-पडधरी(गुज.)। महाशिवरात्रि पर आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं शिवलिंग अभिषेक का दर्शन करते हुए शहर के लोगों सहित ब्र.कु. भाई-बहनें।